in this country of their employment, having thrown them to the winds, after ten years comes forward and says, "our measure is a failure, but what we want to do is that we want to give more concessions to these employers, to these textile magnates". Therefore, I would ask the Government to think twice before doing this and withdraw this measure and impose a more severe penalty on them for their failure to export; if necessary, take away their textile mills and see to it that the workers are not thrown out of employment. This is the main question that faces us. I am not going into the whole question of textile industry. They are the people who stand condemned by their own performance. They told the people that they were going to export, but today they stand condemned by their own performance. There is no need for any further condemnation. Their own practice is there. They are the people who refuse to export because it is more profitable to earn more money in the black market in the country. Why should we allow them to be in charge of the automatic looms? Take away those looms from them. Therefore, I oppose this measure as giving more concession to the employers, to the textile mill-owners, and I would ask the Government to bring in a more stringent measure penalising them for their failure to fulfil their commitments.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Mr. K. G. Deshmukh.

The time is very limited. He should finish in five minutes.

श्री कृ० गु० देशमुख (अमरावती) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं इस विधेयक का आम तौर पर स्वागत करता हूं लेकिन साथ-साथ मैं एक-दो सुझाव मन्त्री महोदय के सामने रखना चाहता हूं । यह आजकल देखा जा रहा है कि यह जो मिलें हैं कपड़े की यह बन्द होती जा रही हैं और खास तौर पर जो मिलें कोर्स और मीडियम कपड़े की थीं वह भी ज्यादातर बन्द होती जा रही हैं । इसके दो कारण मेरे खयाल से हैं । एक तो यह कि कोर्स और मीडियम क्लाथ ज्यादातर गरीब लोग पहनते थे लेकिन वह भी आजकल उनमें चलता नहीं और दूसरा कारण यह है कि इसमें जो इनके मिल मालिक हैं वह भी बहुत हद तक इसके दोषी हैं । यह खयाल सरकार ने भी नहीं दिया कि जो मुनाफा मिल मालिक कमा रहे हैं उस मुनाफे का कितना हिस्सा मिलों के लिये वह खर्चा कर रहे हैं, यह आज तक सरकार ने नहीं देखा और इसका नतीजा यह होने जा रहा है कि बहुत-सी मिलें बन्द होने जा रही हैं । जिस प्रान्त से मैं आता हूं, महाराष्ट्र से, वहां मैं देख रहा हूं कि बहुत-सी मिलें पिछले पांच दस वर्षों के अन्दर बन्द होती रही हैं और अनएम्प्लायमेंट का प्राबलम बहुत बढ़ता रहा है । तो मैं सुझाव रखना चाहता हूं कि यह जो तरीका बताया जाता है कि सरकार को इनको चलाना चाहिये, मैं इसके तो खिलाफ हूं क्योंकि जहां-जहां सरकार जाती है वहां हम देखते हैं कि आम तौर पर कारोबार अच्छा नहीं होता है क्योंकि सरकार उस तरफ उतना ध्यान नहीं दे सकती और पैसा भी बहुत हद तक खर्चा होता है, वह सरकार वहां खर्चा नहीं कर सकती । इसलिए मेरा सुझाव यह है कि मिलें जो बन्द हो रही हैं उसके लिये एक मशीनरी, जिस तरह से हम कारपोरेशन बनाते हैं, उस तरह की सरकार को बनानी चाहिये । जैसे हम बहुत-सी फैक्टरीज़ चला रहे हैं, स्टेट ट्रांसपोर्ट का कारोबार कर रहे हैं, उस तरह का कारपोरेशन यदि हम बनायें और उसके जरिये से यदि हम इन मिलों को चलायें तो मेरा ख्याल कुछ हद तक हम इन मिलों का कारोबार ठीक तरह से चला सकेंगे ।

दूसरी बात मैं कपास के बारे में कहना चाहता हूं । आज तक हम लोग कपास का प्रोडक्शन अपने मुल्क में इतना नहीं कर सके हैं कि जितना हमारे देश की मिलों को जरूरत है । पिछले सेशन में भी हम लोगों ने इसके बारे में कुछ सवाल उठाये थे और मैं मंत्री महोदय को बधाई देना चाहता हूं कि उन्होंने कपास की सीलिंग प्राइस जो लगाई थी, वह

उठा ली है और उस का नतीजा हम यह देख रहे हैं कि आज के बाजार में कपास का भाव कुछ अच्छा रहा है । फिर भी आज जो भाव काश्तकार को मिलना चाहिये, वह नहीं मिल रहा है । जिस हद तक कपड़े का भाव बढ़ रहा है, उस हद तक कपास का भाव, शार्टेज होने के बावजूद भी काश्तकार को नहीं मिल रहा है । इस लिये मैं सुझाव देना चाहता हूं कि जिस तरह से आपने सीलिंग प्राइस को उठा दिया है, उसी तरह से मिनीमम प्राइस, जिस को फ्लोर प्राइस भी कहते हैं, जिस को पांच-छः फी सदी आपने बढ़ा दिया है, उस को 10-15 फी सदी तक आप बढ़ा दें, तो मेरा ख्याल है कि कपास का रूलिंग प्राइस कुछ बढ़ जायेगा और उस से हमारे काश्तकारों को एक तरह का इन्सेन्टिव मिल सकेगा और उस से कपास की प्रोडक्शन बढ़ सकेगी ।

यह जो फीगर्स मैंने देखी हैं—करोड़ों रुपये की कपास आप बाहर से मंगाते हैं, जिस के लिये आप को फौरन एक्सचेन्ज खर्च करना पड़ता है । यहां का जो एक इंच का, जो सोलह आना धागा बेचते हैं, उस के मुकाबले में जो सवा इंच का धागा आप इजिप्ट से मंगाते हैं, उस की दुगुनी कीमत आप को देनी पड़ती है । हमारे यहां का जो एक इंच का कपास है, उस के लिये आप कोई इन्सेन्टिव नहीं देते हैं । जैसे आप फूड ग्रेन्ज के लिये कोशिश कर रहे हैं, वह बहुत अच्छी बात है, हमारा देश आत्मनिर्भर होना चाहिये, लेकिन उसी तरह से कपास के मामले में भी हमारा देश आत्मनिर्भर होना चाहिये और मुझे कहना पड़ता है कि उस के लिये आज काश्तकार को कोई इन्सेन्टिव नहीं मिल रहा है । इस लिये पहला इन्सेन्टिव तो उसे यह मिलना चाहिये कि जिस तरह से आपने सीलिंग प्राइस को उठा दिया है, उसी तरह से फ्लोर-प्राइस को भी बढ़ा देना चाहिये, इस से रूलिंग प्राइस अच्छी हो जायेगी और हमारे कपास की शार्टेज है, जिसके लिये हम करोड़ों रुपया फारेन-एक्सचेंज में दे रहे हैं, वह रुक सकेगी ।

SHRI MOHD. SHAFI QURESHI : This Bill is a very short one, but certain very important matters have been brought up by hon. Members. The first objection that was raised was why we did not bring forward this Bill earlier to repeal the Act of 1957. As the House is aware, and as I have already pointed out in my earlier statement, it was in 1958 that this Act was brought into force. The experience during 1957 and part of 1958 was that the original scheme of installation of 18,000 automatic looms did not find any enthusiastic response from the industry. After the response from the industry was seen to be poor, it was suggested that we should envisage a new scheme. The new scheme was to put up 3000 automatic looms, and the condition attached was that production from those automatic looms would be exported plus 50 per cent of past exports.

I would like to inform hon. Members that it was actually in 1959 that Parliament was informed of the intention of Government to repeal this Act, but then the matter was referred to the Ministry of Law, and on the 17th August, 1960, again the Lok Sabha was told of the intention of Government to set up five export-oriented textile mills which might make use of the rules under the Act which was kept pending.

The repeal Bill was first introduced in the Lok Sabha in 1966 but it could not be passed by the Third Lok Sabha. The Bill was again introduced here on the 25th July, 1967 but it could not be passed during the second session of the Fourth Lok Sabha because of other urgent work, and now Bill is before the House.

Many other problems have been raised by hon. Members. One of them is the question of exports. Shri S. S. Kothari had raised the question of cotton textile exports. I must make one thing clear to the Members of the House that nothing that we produce need sell as sacrosanct outside in any foreign country. We have to maintain the quality, and the price competitiveness of our commodity, and then and then

alone can be make a headway in exports. We are not living in a sheltered market. There as so many countries which are competing with us so far as textiles are concerned; for instance, Japan is there, Hong Kong and Pakistan are coming up also in a big way. All these things have been taken into consideration, and that is why Government are impressing upon the industry to modernise its techniques of production so that the cost of production could be lowered and we shall be in a position to cope up with the changing patterns and designs of the sophisticated markets of the world. This a very important point. That is why Government will be coming forward very soon with a new legislation before this House for the take-over of sick mills. The sick mills have been giving a considerable head-ache to Government, and we are determined to see that the old order must die yielding place to new. For this, our industrialists must be ready. They must realise that the old things will not survive now . . .

SHRI PILOO MODY (Godhra) : What about old Ministers ?

SHRI MOHD. SHAFI QURESHI : If the industry wants to survive, then it has to come up to a particular standard where it can stand competition not only internally but with the outside producers in the international market.

Several other points were raised, but I think there will be many other occasions when we can discuss those points.

अब मैं फर्नान्डिज साहब की बात पर आता हूं । उन्होंने निर्यात का जिक्र किया है । निर्यात के मुताल्लिक मेरी इतनी अर्जदाश्त है कि साल 64-65 और 65-66 के दरमियान बारिश न होने की वजह से हमारी कपास की पैदावार बहुत कम हुई है ''

श्री जार्ज फरनेन्डीज : मैंने फिगर्स दी हैं ।

श्री मुहम्मद शफी कुरेशी : जो फिगर्स आपने दी हैं, बिलकुल सही दी हैं, लेकिन दिक्कत यह है कि इस मुल्क का जितना निर्यात का कारोबार है, वह सब बारिश पर दारोमदार रखता है । अगर बारिश अच्छी है तो कपास अच्छी होती है, हमारी जूट पैदावार अच्छी होती है, काटन-सीड्स की पैदावार अच्छी होती है, खुराक की पैदावार अच्छी होती है और उस हालत में अपनी जरूरत को पूरा करने के बाद जो सर्पलस कमाडिटी बचती है, उस को एक्सपोर्ट किया जा सकता है, लेकिन जब पैदावार ही कम हो तो जाहिर है कि एक्सपोर्ट कम होगा ।

जो आदादोशुमार आपने दिये हैं, वे सही हैं, लेकिन हजार-दो हजार गज का फर्क हो सकता है । लेकिन आप देखें कि जब-जब कपास की पैदावार अच्छी हुई है, हमारा निर्यात का, एक्सपोर्ट का काम बढ़ता गया है और इस बार भी हमें यह तवक्को है कि हमारी कपास की पैदावार बारिश अच्छी होने की वजह से अच्छी होगी और उसकी वजह से हमारा निर्यात का काम बढ़ेगा ।

श्री जार्ज फरनेन्डीज : 35 करोड़ के बारे में बताइये, उस का खुलासा कीजिये ।

श्री मुहम्मद शफी कुरेशी : जी हां, मैं आपसे यह अर्ज करूं कि यह स्कीम जिसके तहत यह फैसला किया गया था कि 18 हजार आटोमैटिक लूम्ज लगाई जायें, उस के सिलसिले में कारखानेदारों की तरफ से अच्छा रेस्पोन्स नहीं आया, उस के बाद इस को बदला गया और तीन हजार लूम्ज लगाने का फैसला किया गया, लेकिन बदकिस्मती से 112 लूम्ज लगी हैं । आप अन्दाजा लगाइये कि जो फिगर्स आप दे रहे हैं कि 35 करोड़ गज कपड़ा बना, वह निर्यात क्यों नहीं हुआ—तो पहले 18 हजार की स्कीम थी, जब वह नहीं चली, तो फिर तीन हजार की स्कीम बनी, लेकिन कुल 112 लूम्ज लग पाई । इस लिये मैं इस हाउस को यकीन दिलाना चाहता हूं कि आज तक किसी भी मिल के खिलाफ हमने कोई कार्यवाही नहीं की, क्योंकि हमें उन की तरफ से ऐसा कोई मौका

ही नहीं दिया गया कि जहां उन्होंने निर्यात न किया हो । उन पर कानून के तहत जो आब्लीगेशन्ज थीं, वह उन्होंने पूरी की हैं ।

अब जहां तक 1966 में कपड़े के निर्यात का ताल्लुक है, उस में हम ने 54 करोड़ गज कपड़ा निर्यात किया है । आपने 44 करोड़ गज बताया था, उस में 10 करोड़ गज का फर्क है—यह मैं आपकी इत्तिला के लिये कहना चाहता था ।

इस के बाद कुंठे साहब ने कुछ बातें उठाई हैं और राममूर्ति साहब ने कहा कि ये कारखानेदार नहीं चाहते हैं कि यहां पर अच्छी मशीनरी लगे, उन्होंने एक्सपोर्ट आब्लीगेशन्स को भी पूरा नहीं किया है, इस लिये उन को सख्त से सख्त सजा देनी चाहिये । लेकिन हम यह कहते हैं कि हम को सजा देने का मौका ही नहीं मिला चूंकि सजा देने का मौका नहीं मिला, इसी लिये हम कहते हैं कि सजा के लिये जो दफा बनाई गई है, उस को खत्म किया जाये । अगर कारखानेदारों ने कोई ऐसा काम किया होता कि जिसमें उन्होंने कानून की मुखालिफत की होती, तो यकीनन गवर्नमेन्ट ने उन के खिलाफ कार्यवाही की होती, बाजपुर्स की होती, लेकिन जब मौका ही नहीं मिला, तो उसी की वजह से हम यह कहते हैं कि यह कानून रिडन्डेन्ट हो चुका है.....

श्री स० मो० बनर्जी : ब्रिटिश इण्डिया कारपोरेशन के बारे में बताइये ।

श्री मुहम्मद शफी कुरेशी : हमारे बनर्जी साहब इस मामले में काफी दिलचस्पी रखते हैं और उसकी वजह से हमें भी बहुत कुछ वाकफियत हो जाती है । यह मामला ऐसा है जिसका दीगर मिनिस्ट्रियों से भी ताल्लुक है ।

आप के जो विचार व खयालात हैं जिन का कि आप ने इजहार किया है उन को मैं उन मिनिस्ट्रियों तक पहुंचा दूंगा और जिस हद तक मेरे हाथ में इस काम को सुधारने की ताकत होगी उसे मैं जरूर सुधारने के लिये इस्तेमाल करूंगा और आप से तवक्को करूंगा कि गाहे-बगाहे जब भी मौका व जरूरत हो इस मामले में आप हमारी रहनुमाई कीजियेगा ।

श्री स० मो० बनर्जी : यह जो ब्लिट्ज में खबर छपी है कि कोई राजा साहब को लाया जा रहा है इस कारपोरेशन में तो क्या वह खबर सही है या ऐसे ही महज काइट फ्लाइंग है ?

श्री मुहम्मद शफी कुरेशी : मैं एक मामूली बिल लेकर आया था कि सजा के कानून को खत्म किया जाय लेकिन यहां पर दूसरी मालूमात के बारे में पूछा जाता है... (**व्यवधान**) मुझे मालूम नहीं था कि इस बिल के दौरान राजा-महाराजाओं को लाया जायगा ।

I have nothing more to say. With these words, I move.

श्री जार्ज फरनेन्डीज : मुझे प्रश्न का जवाब नहीं मिला कि 1960 में इस कानून को क्यों संशोधित किया गया ? अगर अमल में लाने की बात नहीं थी तो 1957 के बाद तो 1960 में क्यों इस को संशोधित किया गया ?

श्री मुहम्मद शफी कुरेशी : मैं सवाल समझा नहीं ।

श्री जार्ज फरनेन्डीज : मेरा यह प्रश्न है कि 1960 में आप ने इस बिल को संशोधित किया था आप ने इस कानून को अमेंड किया था जब आप ने 7 पैसे के 9 पैसे, 9 के 11 और 12 के 14 किये थे तो उसे किस वजह से किया था जब कि अमल में लाने की बात ही नहीं थी ?

श्री मुहम्मद शफी कुरेशी : मैं ने आप से अर्ज किया कि उस वक्त जब लोक सभा के सामने हम आये तो हम ने यह कहा कि

[श्री मुहम्द शफी कुरेशी]

5 ऐसे कारखाने होंगे जिन पर यह कानून लागू किया जायगा और उन कारखानों ने जिम्मेदारी उठाई कि वह इस कानून को मानेंगे और अगर वह उस की खिलाफवर्जी करेंगे तो उन्हें सजा मिलनी चाहिये ।

SHRI S. R. DAMANI (Sholapur) : May I ask for some information ?

MR. DEPUTY-SPEAKER : No.

The question is :

"That the Bill to provide for the repeal of the Cotton Fabrics (Additional Excise Duty) Act, 1957, be taken into consideration".

The motion was adopted.

MR. DEPUTY-SPEAKER : There are no amendments to clauses.

The question is :

"That clauses 1 and 2, the Enacting Formula and the Title stand part of the Bill".

The motion was adopted.

Clauses 1 and 2, the Enacting Formula and the Title were added to the Bill.

SHRI MOHD. SHAFI QURESHI : I move :

"That the Bill be passed".

MR. DEPUTY-SPEAKER : Motion moved :

"That the Bill be passed".

श्री मधु लिमये (मुंगेर) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं बिलकुल कानून और नियमों की मर्यादा के अन्दर बोलने जा रहा हूं । वैसे मैं इस पर बोलना नहीं चाहता था लेकिन कुछ बातें ऐसी हैं जिनका कि कपड़े के निर्यात से सीधा सम्बन्ध है और जिसका जिक्र यहां पर नहीं किया गया । लेकिन उस के पहले मैं तीन बातों की ओर सदन का ध्यान दिलाना चाहता हूं । सब से पहली बात यह है कि हिन्दुस्तान में मिलों के द्वारा जितना कपड़ा पैदा किया जाता है उस में से कितना हिस्सा निर्यात होता है उस से सम्बन्धित आंकड़े मैं केवल एक ही वाक्य आप को पढ़ कर सुनाना चाहता हूं जिसमें यह बात बिलकुल साफ तौर पर प्रकट होती है कि निर्यात तेजी से घट रहा है ।

कामर्स सप्लीमेंट में से मैं यह पढ़ कर सुना रहा हूं :

"It fell from 19.8 per cent in 1951 to 16 per cent in 1955, to 11 per cent in 1962 and to 10.1 per cent in 1966".

इस तरीके से आप देखेंगे कि 51 के बाद वह करीब-करीब 9 प्रतिशत घटा है । उसी तरह हमारे देश में जो कुल निर्यात यहां से होता है उस में कपड़े का हिस्सा पहले बहुत ज्यादा हुआ करता था वह भी साढ़े 3 प्रतिशत इन वर्षों में घटा है ।

तीसरी चीज यह कि दुनिया में कुल कपड़े का जो निर्यात होता है, जो कपड़े का व्यापार होता है, उस में भी हमारा हिस्सा घटता जा रहा है जबकि पाकिस्तान का, जापान का, हांगकांग का व अमरीका का बढ़ता जा रहा है । इसलिए हर दृष्टि से देखने से ज्ञात होता है कि हमारा निर्यात घटता जा रहा है । आखिरकार इसका कारण क्या है ? एक सब से बड़ा कारण यह है कि इस बीच में यह सूती कपड़े के बारे में जो निर्यात प्रोत्साहन योजना बनाई गई थी इन के भूतपूर्व मंत्री द्वारा, मनुभाई शाह के द्वारा, वर्तमान उपमंत्री शायद उस वक्त उस मंत्रालय में थे । उन की इस योजना के कारण निर्यात पर बहुत बुरा असर हुआ है । मैं कई दफ़ा इस बात का जिक्र कर चुका हूं कि इस में निर्यात बिलकुल फर्जी होता था और उस के बदले में, एवज में इनको जो इम्पोर्ट लाइसेंसेज मिल जाते थे वह ऐसी चीजों के मिल जाते थे जिनके कि ऊपर कभी-कभी प्रीमियम 600 या 800 तक होता था । मैं प्रमाण के साथ इसको साबित कर चुका

हूं और मैंने मांग भी की है कि इस के लिए जिम्मेदार अफ़सर टैक्सटाइल कमिश्नर दुरई-स्वामी साहब के विरुद्ध कार्यवाही की जाय। उन के खिलाफ़ मैंने कई दफ़े मंत्री साहब के सामने चार्जशीट पेश की है आज पता नहीं है कि यहां हाउस में दिनेश सिंह साहब क्यों नहीं हैं। मैंने प्रमाण के साथ साबित किया है कि दुरईस्वामी इतने अयोग्य और भ्रष्ट अफसर हैं कि उनके रहते हुए अगर हमारा निर्यात चौपट हो रहा है तो उसमें ताज्जुब की कोई बात नहीं है। मंत्री महोदय ने मुझे लिखा है कि अगर आप प्रिमा फेशी केस उन के खिलाफ बनायेंगे तो मैं जरूर कार्यवाही करूंगा। मैं उन को बतलाना चाहता हूं कि मैंने एक बिना पर नहीं बल्कि कम से कम 7 आरोप लगा कर प्रमाण के साथ यह साबित किया है। लेकिन दो सत्रों के बीच में मुझे पता चला है कि मेरे द्वारा जो आरोप पत्र दिये गये थे उस का केवल इतना नतीजा हुआ है कि उस अफसर का तबादला किया गया है। उस के खिलाफ़ एक क्रिमिनल केस भी दायर हो चुका है। उसको गृह मंत्रालय दबा रहा है। जब एक आदमी के खिलाफ़ क्रिमिनल केस किया जाता है तो क्या वह प्रिमा फेशी केस हुए बगैर किया जाता है? आज मैं चाहता था कि श्री दिनेश सिंह यहां पर मौजूद होते। पता नहीं वह यहां से क्यों उठ कर चले गये? इस का खुलासा होना चाहिए कि यह जो पापो अफसर है जिसने कि हमारे निर्यात व्यापार को और कपड़ा उद्योग को चौपट करने के काम में पहल की है उस के खिलाफ़ क्या कार्यवाही अब तक की गई है और यह गृह मंत्रालय इस मामले को क्यों दबा रहा है? उस अफसर का तबादला करने के बजाय उस को नौकरी से या तो निकाल देना चाहिए या उस के खिलाफ कार्यवाही जब तक पूरी नहीं हुई है उस को मुअत्तिल कर देना चाहिए। निर्यात प्रोत्साहन योजना के बारे में इस तरीके को बातें हुईं। उन चीजों को मैं दुहराना नहीं चाहता लेकिन उस की सफाई मैं जरूर चाहता हूं क्योंकि उसका सीधा सम्बन्ध हमारे निर्यात व्यापार से है।

उपाध्यक्ष महोदय, एक दूसरी बात का भी यहां उल्लेख नहीं हुआ। मैंने मंत्री महोदय को चिट्ठी लिख कर कहा है कि मैं चाहता हूं कि हिन्दुस्तान का व्यापार एक, दो देशों के साथ नहीं बल्कि दुनिया के सभी देशों के साथ बढ़े। उस में मैं पूर्वी योरप के देशों को भी शामिल करता हूं। मेरी यह इच्छा है और मेरा यह खयाल है कि और इस सदन की भी यह इच्छा होगी कि पूर्वी योरोप के साथ भी हमारा व्यापार बढ़े। हम लोग चाहते हैं कि व्यापार बढ़े। व्यापार बढ़ने का मतलब है कि हमारे हित को मद्देनजर रखते हुए यह सारा काम होना चाहिए। मुझे आज खेद के साथ कहना पड़ता है कि पूर्वी योरप के साथ हमारा इस वक्त जो व्यापार चल रहा है उस में मुनाफ़े की और देश हित की दृष्टि व्यापार मंत्रालय के द्वारा नहीं रक्खी जाती है।

कुछ दिन पहले उपाध्यक्ष महोदय, आप को याद होगा कि मैंने हंगरी के साथ सूत के निर्यात के बारे में इन्होंने जो करारनामा किया था उस का जिक्र किया था और उन लोगों को यह कबूल करना पड़ा, जब मैंने बारबार यह सवाल उठाया कि 45 लाख का उन्होंने उन के साथ सौदा किया जिसमें कि हमारे मुल्क को 6 लाख का घाटा हुआ। इस के लिए मैं स्टेट ट्रेडिंग कारपोरेशन को जिम्मेदार ठहराना चाहता हूं कि उस में हमें मुनाफ़ा होने के बजाय 6 लाख रुपये का घाटा हुआ। हंगरी के साथ यह हुआ।

मेरे पास अधिकारिक सूत्रों से खबर आई है कि आज पश्चिमी योरप में हमारे यह कपड़े का निर्यात व्यापार इसलिए नहीं बढ़ रहा है कि पूर्वी योरप के देशों को जो कपड़ा हम बेचते हैं वही कपड़ा पूर्वी योरप के देश सारे सिद्धान्तों और परम्पराओं को तोड़ कर सीधे जाकर दूसरे देशों में बेचते हैं जहां

[श्री मधु लिमिये]

कि हम अलग से अपना कपड़ा बेच सकते हैं। जब आप सदन को और देश को गुमराह करते हैं जो पुर्वी योरप के देशों के साथ हमारा व्यापार बढ़ रहा है, मैं भी चाहता हूं कि हम अपना व्यापार बढ़ायें लेकिन उस का हरगिज़ यह मतलब नहीं होना चाहिए कि वह लोग सीधे सस्ते में कपड़ा हम से आकर ले लें और पश्चिमी यूरोप के देशों में उसे ले जाकर बेचें। इस को मैं व्यापार कहने के लिये तैयार नहीं हूं। आज मैं मंत्री महोदय से कहना चाहता हूं कि जब मैं ने उन को चिट्ठी लिखी तो उन्होंने मुझ को लिखा कि मेरे पास आ कर इस विषय के सम्बन्ध में बात चीत करो। लेकिन मंत्री और मेरे बीच का यह मामला नहीं है, यह समूचे देश का मामला है। इस लिये आज मैं सीधे सवाल पूछना चाहता हूं कि क्या हमारे किसी विदेशी दूतावास से उन के पास कोई पत्र आया है, या उस दूतावास से किसी दूसरे हमारे दूतावास को पत्र गया है जिस में इस तरह के उदाहरण सरकार के ध्यान में लाये गये थे ? अगर इस तरह का पत्र गया है तो उस के बारे में सरकार ने क्या किया ? यूगोस्लाविया में भी ऐसा ही हुआ है, जूट के व्यापार को ले कर हुआ है और कपड़े के व्यापार में भी हुआ है। अगर हम इस तरह से पुर्वी योरप के देशों के साथ या दूसरे देशों के साथ व्यापारिक रिश्ता कायम करना चाहते हैं तो मैं इस को व्यापार कहने के लिये तैयार नहीं हूं। जब यह कानून हम पास करने जा रहे हैं तो मैं चाहता हूं कि मंत्री महोदय इस बात का खुलासा करें।

उन्होंने कहा कि मिलों का कोई कुसूर नहीं है, हमें कोई मौका ही नहीं मिला कि उन के खिलाफ हम कार्रवाई करें। अगर मिलों का कोई कुसूर नहीं है तो फिर हमारा निर्यात क्यों घट रहा है ? शायद वह कहेंगे कि स्पर्द्धा बहुत ज्यादा है। आज हांगकांग और पाकिस्तान, जहां कपड़े का उद्योग पहले नहीं था, आगे बढ़ रहे हैं, तब हिन्दुस्तान के कपड़े का व्यापार क्यों घट रहा है ? यह कहने की कोई जरूरत नहीं कि औद्योगिक युग के पहले हिन्दुस्तान के कपड़े की बराबरी या मुकाबला दुनिया का कोई भी देश नहीं कर सकता था। मैं समझता हूं कि यह कहना भी ठीक नहीं है कि चूंकि औद्योगिक पैमाने पर यांत्रिक पैदावार योरोप में शुरु हुई इस लिये हमारा धन्धा खत्म हो गया। ऐसा नहीं हुआ है। उन देशों ने रोक लगाई है और राजनीतिक ताकत का इस्तेमाल कर के हमारे उद्योग को दबाया आज हमारा मुल्क आजाद हो गया है। तब क्या वजह है कि आप का व्यापार मंत्रालय और आप का स्टेट ट्रेडिंग कारपोरेशन कपड़े के भारतीय निर्यात को बढ़ाने के बजाय ऐसी-ऐसी योजनाएं ला रहे हैं, ऐसी ऐसी नीतियां अपना रहे हैं, जिन से यह व्यापार चौपट होता जा रहा है ?

आज दुनिया का कोई देश, चाहे वह कम्यूनिस्ट हो, चाहे सोशलिस्ट हो या पूंजीवादी हो, हमेशा व्यापारिक सिद्धान्तों और देश के हित्त को ध्यान में रखता है। आज क्या हम इतने अमीर हो गये कि पूर्वी योरप के देशों को या दूसरे देशों को हम सस्ते में माल दे दें और एक तरह अपने निर्यात व्यापार का एक हिस्सा उन को दें। अगर मंत्री महोदय इस बात का कोई खुलासा करेंगे तो इस में व्यापार मंत्रालय का भी भला है और देश का भी भला है।

SHRI S. R. DAMANI : The textile industry, which is a major indsutry of the country, is definitely passing through difficult times, but in the last ten years the production of the textile industry has considerably gone up, and the number of textile mill units has also increased by 70 to 75 per cent.

Because of certain difficulties and because of the increase in our cost of production, the country has been obliged to reduce its exports to other countries.

15.33 Hrs.

[SHRI G. S. DHILLON *in the Chair*]

The hon. Member who spoke before me mentioned that our exports to certain countries are being made at lower prices and to certain countries at higher prices. I have got my own experience in this line, and I can say that our prices for export to all the countries are near about the same. As the incentives given before have been stopped, the prices are all quite uniform.

Secondly, the hon. Member has mentioned about the competitiveness of our industry to export more. The hon. Minister just now mentioned that there are only some automatic looms installed in the country. The fact is that when automatic looms are installed, one weaver has to look after 16 looms, while in the ordinary looms he looks after only two looms. Naturally, the number of workers has to be reduced, but the union and party with which the hon. Member is connected are creating difficulties in the way of rationalisation, in the way of installation of automatic looms. If they cooperate, the industry will be very happy to instal as many automatic looms as possible to reduce cost of production, but, unfortunately, on account of the non-co-operation of some of the unions, modernisation or introduction of automatic looms is being held up. Government provided for the installation of 18,000 automatic looms. At present there are two lakhs of looms in the country, and 18,000 looms is less than 10 per cent. Because of the opposition and non-co-operation of the unions to which the hon. Member belongs, the industry could not introduce all the automatic looms. According to me, that is the main reason why automatisation of the industry is being held up. I think the industry can reduce their cost of production and also produce better cloth if automatisation is allowed. Without that the industry will not be in a position to stand in competition with other countries. Therefore to blame the industry or the Government for this is not proper.

I agree there has been acute shortage of cotton. Because expansion was allowed and side by side cotton production was not adjusted, there was some misadjustment. There was also failure of crop, and the quality of cotton required is not produced in sufficient quantity in the country. Therefore, we have to import a large amount of cotton from other countries. But this year the crop is better, and the Government is taking all the care to increase cotton production of longer staple, and if it comes up to expectations, the country will be self-sufficient in cotton, and the textile industry will prosper, provided it gets the co-operation of labour for installation of automatic looms.

SHRI K. NARAYANA RAO (Bobbili): The Minister said that we have reached an agreement with the textile industry, but what is the nature of the agreement? Is the agreement within the meaning of the Contract Act or any other law? If this understanding is not observed by the textile industry, Government would be helpless. It may take other retaliatory action, but so far as the law is concerned, is there any other machinery to make the industry behave?

SHRI MOHD. SHAFI QURESHI: Sir, replying to my hon. friend who spoke last, I wish to say that there is a lot of difference between contract and law. Contract is by mutual consent between the parties, while a law is to be enacted by the Government and there is no necessity of asking the consent of the other party.

Now, many points have been raised by hon. Members who spoke during the third reading of the Bill. Mr. Madhu Limaye has asked, what are the reasons for our exports in textiles having gone down. As I had earlier stated, the reasons are many. First of all, there has been a shortfall in cotton production and naturally there was less production of textiles. Secondly, our growing internal consumption is also another main factor, because every day, we have to clothe about 40,000 children who are born in India.

SHRI R. K. AMIN (Dhandhuka): What is the cause for the fall in cotton production

SHRI MOHD SHAFI QURESH: The causes are very well-known to the hon. Member. It is the drought; the dry season,

[Shri Mohd. Shafi Qureshi]

and because the monsoons did not break in proper time.

SHRI R. K. AMIN : Throughout the period—10 years ?

SHRI MOHD. SHAFI QURESHI : I may remind the hon. Member that it is not a ten-year period. It is only during the last two successive years that we had two successive droughts.

SHRI R. K. AMIN : Why don't you admit plainly that it is due to devaluation ?

SHRI MOHD. SHAFI QURESHI : No, Sir. The fact remains that our exports in cotton textiles have gone down. There is no concealing the fact, as I had already said in this hon. House, that the handlooms in which the export had gone up to Rs. 6 crores—of a particular variety called Bleeding Madras—have gone down to Rs. 10 lakhs. Why is this ? Because the pattern and the design and the fashions in other parts of the world change. We have to cater to the requirements of the importers. On the other hand, it is not that what we produce will all be sold automatically in the international market. (*Interruption*)

SHRI CHARANJIT RAI (Dausa) : The question is, why in the last ten years, the exports have fallen. We are asking you to give us the reasons. You stated that the reason is, the shortage of cotton. Then you said that it was only for the last two years. We want the reasons for the failure for the last 10 years, as to why our exports have fallen.

SHRI MOHD. SHAFI QURESHI : I think I need not remind the hon. Member that cotton textile is made of cotton and cotton is the raw material for it. It is not made out of jute. I am mentioning the position of the last few years.

SHRI R. K. AMIN : The fall in the production of cotton is continuous. We have never fulfilled our targets in cotton production if he is aware of it.

SHRI MOHD. SHAFI QURESHI : Now, the position is that there was a shortfall in cotton production. Therefore, naturally there was a shortfall in the production of cotton textiles. There are the tariff and non-tariff barrier which came in the way of our exports.

Then another thing is that our population in the country is growing. The internal demand also went up. These are the factors by which we can definitely say that the exports have gone down, but the Government is not to blame for it.

SHRI S. S. KOTHARI : You denied export assistance for one full year. (*Interruption*).

SHRI MOHD. SHAFI QURESHI : As I had told the hon. House, we have got to keep pace with the modern trends. Unless we keep pace with the changing patterns, designs and fashions of the world, we will be definitely thrown out of the market. There are a large number of competitors in the world market. So far as textiles are concerned, Japan has come in a big way. Their cost of production is very low; their patterns and designs are up to date. Their market surveys are up to date. These are the shortcomings which we have, and we are trying to make them up, and for this, we require the co-operation of the industry. The industry has to modernise itself, because they have now only old machinery. There are 600 mills in the country out of which more than 25 to 30 per cent are having sixty-year old machines. These mills cannot produce cloth which we can send to outside markets. The outside market requires quality and competitiveness in price. If these two things are present in any commodity which we produce, naturally, we shall have a place in the world market.

The other point made by Mr. Madhu Limaye was that our trade with east European countries is a losing trade. But I wish to make it very clear that no commodity which we are now selling to east European countries is being sold at lower rates than we sell to the other countries of the world. Not one item can be shown which possibly we are selling to those people at lower rates. But one fact must be borne in mind. Ours is not a controlled trade; our trade is absolutely in the hands of private individuals and it is for them to quote any price to any foreign buyer, and if one party quotes a higher price, the

other one is at liberty to quote a lower price for the same commodity. If the Government had made a commitment, if the State Trading Corporation, which is a trading body, has made a commitment with any other country, eastern or western, then it becomes the bounden duty of that organisation or the Corporation to fulfil that contract.

SHRI R. K. AMIN : The point raised was quite different. (*Interruption*).

SHRI MOHD. SHAFI QURESHI : I am not yielding. I think that if the hon. Member had been more attentive to what Mr. Madhu Limaye had said, then he would not have raised unnecessary points. My point is, and what I want to stress is that we are not losing trade with east European countries. Trade is a two-way traffic; and a pattern of interdependence of nations. We cannot exist only with a trade with one community or country. We have to trade with both east European and west European countries. The hon. Members must realise that the Government is fully aware. We are not trying to sell our commodities cheaper to east European countries and demanding a higher price from other countries. This is a wrong impression which will have to be given up completely.

I never thought that so many problems will come up in this small, innocuous Bill which I have brought here. This Bill is just to eliminate the punitive clause. The other matters will naturally come up when we discuss the Bill that we shall be bringing up in the House—I mean the Bill for taking over the sick textile mills. At that time hon. Members will have ample opportunity to raise their points.

SHRI R. K. AMIN : *rose*—

SHRI MOHD. SHAFI QURESHI : I am not yielding, Sir.

MR. CHAIRMAN : Order, order. When the Minister yields to your request, then it is all right. But if he does not yield, the hon. Member cannot force the Minister in the way he likes.

SHRI R. K. AMIN : He is missing the point, and that is why I wanted to put a question.

MR. CHAIRMAN : He does not yield.

SHRI MOHD. SHAFI QURESHI : So far as the question of taking action against officers is concerned, this House has been told, not once but so many times, by the Minister also, that if there is any specific allegation against any person howsoever high he may be, the Government will not spare him, and wherever anything comes to the notice of the Government about a particular officer, that he is corrupt or that he is misbehaving, he will definitely have no quarter or shelter from Government. To say off-hand that this officer, that officer or the other officer should be hanged and then charge-sheeted—that possibly is the last thing that the Government will do.

SHRI S. M. BANERJEE : Shri Madhu Limaye has already written a letter to Mr. Dinesh Singh in which he has referred to this issue, again and again in this House.

SHRI RANDHIR SINGH (Rohtak) : Shri Madhu Limaye was not serious. He has gone away.

SHRI MOHD. SHAFI QURESHI : Well, the hon. Member has referred the matter to the Minister, and the Minister in reply, has written to the Member that he should see him and talk to him personally. That offer is still open, and the hon. Member can at any time either meet the Commerce Minister or meet me, and if he is in a position to prove any specific allegation against any officer, I can assure this House that we shall definitely take drastic steps against that officer. I beseech the cooperation of this House, to help us to eliminate all corrupt elements from whatever quarters in the Government they are. I should like to have the co-operation of this House.

With these words, I beg to move that Bill be passed.

SHRI R. K. AMIN : One clarification. The question was something different. I want only one minute.

SHRI MOHD. SHAFI QURESHI : I have finished my reply.

MR. CHAIRMAN : You might put your question later on. The Minister has finished his reply. (*Interruption*).

SHRI R. K. AMIN : He has to explain the phenomenon of commodity shunting between east and west Europe in Indian commodities.

SHRI MOHD. SHAFI QURESHI : So far as the switch trade is concerned, I might say this. I think the hon. Member referred to switch trade when the commodity is being shifted from one country to the other. The question is that there are allegations in the press and allegations made by some hon. Members. (*Interruption*).

AN. HON. MEMBER : Running commentary is going on.

MR. CHAIRMAN : I would ask the hon. Member at the back of the Minister not to interrupt.

SHRI MOHD. SHAFI QURESHI : I would request the hon. Members to realise that this is a very delicate problem : to level allegations against any sovereign country without ample proof. We know that there are allegations in the press, about the tourist coffee going from one country to another country. We send it to one country and the allegation is that it is going to another country. We should be very careful in dealing with this matter. We cannot make allegations in the air about a country with which we have got trade relations. If any hon. Member has got specific information that goods meant for a particular destination were not utilised there but were switched on to some other country, then it can be taken up with that particular Government. But I would submit that this is a very delicate matter, because our relations with all countries are very cordial and we do not want any allegation to be made against any country without proper proof. Some goods despatched from India to destinations not specified in the agreement have been confiscated by our port authorities in India and action against defaulters is in progress.

MR. CHAIRMAN : The question is :

"That the Bill be passed".

The motion was adopted.

15.52 hrs.

MOTIONS RE : REPORT OF EDUCATION COMMISSION AND REPORT OF COMMITTEE OF MEMBERS OF PARLIAMENT ON EDUCATION

THE MINISTER OF EDUCATION (DR. TRIGUNA SEN) : Sir, I beg to move :

"That this House takes note of the Report of the Education Commission 1964—66, laid on the Table of the House on the 29th August, 1966."

I also beg to move :

"That this House takes note of the Report of the Committee of Members of Parliament on Education (1967)—National Policy on Education, laid on the Table of the House on the 25th July, 1967."

MR. CHAIRMAN : Motions moved :

"That this House takes note of the Report of the Education Commission 1964—66, laid on the Table of the House on the 29th August, 1966."

"That this House takes note of the Report of the Committee of Members of Parliament on Education (1967)—National Policy on Education, laid on the Table of the House on the 25th July, 1967."

There are two amendments.

SHRI YASHPAL SINGH (Dehra Dun) : I beg to move :

That at the end of the motion, the following be added, namely :—

"and is of the opinion that—

(a) the Government should encourage the development and teaching of Hindi, which is the link language of the country;

(b) religious and military training be imparted to students to curb indiscipline among them;

(c) effective steps be taken to implement the recommendations of Dr. Sampurnand Committee on emotional integration;